# घायल मिली कटनी की युवती, दो युवकों ने किया अपहरण

## एक आरोपी ने किया दुष्कर्म, घाटी से फेंका माधवनगर थाने में दर्ज थी गुमशुदगी की रिपोर्ट

नवभारत,न्यूज

**दमोह/कटनी. जिले के जबेरा थाना क्षेत्र के सिंग्रामपुर चौकी के तेलन मार्ग पर एक 19 वर्षीय युवती घायल अवस्था में मिली.बांदकपुर से लौट रहे पौंडी सरपंच मनोज राय को युवती ने मदद के लिए रोका.**

उन्होंने सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन को सूचना दी.इसी समय बांदकपुर से अपने निजी वाहन से लौट रहे साहब पटेल ने अपने वाहन से युवती को तुरंत जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया.मौके पर थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान, चौकी प्रभारी राजीव पुरोहित और एसआई गणेश दुबे पहुंचे.पीड़िता



ने अपने बयान में बताया कि वह कटनी की रहने वाली है.दो युवक उसका अपहरण कर एक सुनसान घर में ले गए.वहां उन्होंने उसके साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया.

इसके बाद मारपीट कर उसे तेलन मार्ग की घाटी से नीचे फेंक दिया.बीएमओ डॉक्टर डीके राय ने प्राथमिक उपचार के बाद युवती की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे दमोह रेफर कर दिया, जहां जिला अस्पताल में महिला डॉक्टर द्वारा इलाज किया गया. इसके बाद पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी के निर्देशन में टीआई अंजलि अगिनहोत्री ने बारीकी से जानकारी लेकर डायरी माधव नगर थाने को भेज दी है और लड़की की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जबलपुर रेफर कर दिया है.जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया कि घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई है.कटनी जिले के माधव नगर थाने में युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है. पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है.

### 7 माह की गर्भवती है युवती

दमोह में घायल अवस्था में मिली कटनी की युवती 7 माह की गर्भवती है. जिस युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगा है वह युवती का प्रेमी है, जिसका नाम पवन बर्मन है. जबेरा टीआई विकास चौहान के अनुसार विगत दिन यानी रविवार दोपहर 2 बजे युवती अपने घर से लापता हुई थी, दिनभर परिवार के लोग उसे खोजते रहे और रात करीब 10 बजे कटनी माधव नगर पुलिस थाने में अपनी बेटी के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई. आरोपी पवन बर्मन जो कि शादीशुदा है,उसका युवती के साथ प्रेम प्रसंग था दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने और युवती गर्भवती हो गई .आरोपी पवन युवती को कार से लेकर दमोह के डूमरगांव पहुंचा, जहां आरोपी के मामा के बेटे निगम के साथ दोनों युवती का इलाज कराने के नाम पर जंगल ले गए.

### इनका कहना है....

जब इस संदर्भ में कटनी जिले के माधव नगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे से जानकारी ली, तो उन्होंने बताया कि गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज है, तलाश की जा रही थी. जो दमोह सिग्रामपुर में घायल हालत में लड़की मिली है,उसका इलाज जबलपुर में चल रहा है. दो आरोपियों को अभिरक्षा में लिया है उनसे पूछताछ की जा रही है, तत्काल ही खुलासा किया जाएगा.



# लापरवाही पर निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही करें

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 जुलाई, कमिश्नर कार्यालय में संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की.**

कमिश्नर ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें. क्षेत्र में भ्रमण करके निर्माण कार्यों की सतत मानीटरिंग करके उसे तय समय सीमा में पूरा कराएं. निर्माण कार्य में भू अर्जन अथवा अन्य किसी तरह की बाधा को समन्वय बनाकर तत्काल दूर करें. निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाली निर्माण एजेंसियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें. बैठक में कमिश्नर ने कहा कि निर्माण कार्य में यदि भू अर्जन की आवश्यकता है तो कार्य स्वीकृत होते ही भू अर्जन की कार्यवाही शुरू कर दें.

# 30 गांवों का दतिया जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा



**दतिया. बारिश और मड़ीखेड़ा सहित पांच डैमों से छोड़े गए पानी के चलते सिंध नदी उफान पर आ गई है. सोमवार को मड़ीखेड़ा डैम से करीब 5000 क्यूमेक्स पानी छोड़े जाने के बाद इंदरगढ़ तहसील के सुनारी, पाली, खेरोना घाट, कुलैथ सहित करीब आधा दर्जन गांवों में पानी पहुंच गया.**

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सेवड़ा एसडीएम अशोक अवस्थी, तहसीलदार दीपक यादव और नायब तहसीलदार मनोज दिवाकर ने प्रशासनिक टीम के साथ प्रभावित गांवों का दौरा किया. उन्होंने ग्रामीणों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए और सरपंच, सचिव व आपदा प्रबंधन दलों को 24 घंटे सक्रिय रहने को कहा.

एसडीएम ने बताया कि अभी स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन सिंध नदी में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है. मड़ीखेड़ा, मोहिनी सहित अन्य डैमों से भी पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे खतरा बना हुआ है. प्रशासन ने एहतियातन सभी राहत दलों को तैयार रखा है.

सेवड़ा का पुल डूबा, संपर्क टूटा* लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण सेवड़ा का पुल डूब गया, जिससे सेवड़ा-भिंड-ग्वालियर मार्ग बंद हो गया है. पुल पर बैरिकेडिंग कर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है. पुल आगामी आदेश तक बंद रहेगा.

### स्नान पर रोक लगाई

सनकुआ घाट पर जलस्तर बढ़ने के चलते श्रद्धालुओं से स्नान न करने की अपील की गई है. प्रशासन ने कहा है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए राहत दल तैनात कर दिए गए हैं.

# एमटीएम काटने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### पांच आरोपी गिरफ्तार, 8 लाख 30 हजार का मशरूका जब्त



**सौसर ,14 जुलाई. लोधीखेड़ा पुलिस ने एटीएम कटिंग करनेवाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है.**

पुलिस ने साईंखेड़ा के सुनसान क्षेत्र में रायसोनी कॉलेज के पास स्थित एटीएम के कटिंग का प्लान कर रहे पांच बदमाशों को रंगे हाथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है. पकड़े गए सभी आरोपी हरियाणा नूह के रहनेवाले है पुलिस ने इनके कब्जे से लगभग आठ लाख तीस हजार रुपए का मशरूका जब्त किया है. पुलिस ने यह कार्यवाही मुखबिर की सूचना पर की है. एएसपी नीरज सोनी ने घटना की जानकारी में बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए लोधीखेडा थाना प्रभारी एबी मर्सकोले के नेतृत्व में दो टीम गठीत की गई कि गई थी चौकी प्रभारी उनि.लेखराम पहाडे चौकी प्रभारी पिपलानारायणवार को टीम प्रभारी बनाकर सुनसान इलाके में खड़े संदिग्ध व्यक्तियों को तत्काल तस्दीक करने रवाना किया पुलिस टीम ने इस ईलाके में कि गई घेराबंदी में कालेज के पास से पांच बदमाशों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की.

# संजय गांधी अस्पताल के डाक्टर अशरफ निलंबित

**रीवा, 14 जुलाई,** नर्सिंग छात्राओ से दुर्व्यवहार करने वाले रीवा के संजय गांधी अस्पताल में पदस्थ डा. मो. अशरफ को आखिरकार डीन श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय ने निलंबित कर दिया. नोटिस दी गई थी लेकिन संतोषजनक जवाब न पाए जाने पर निलंबन की कार्यवाही की गई. दरअसल शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय जीएमएच रीवा में अध्यननरत बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा सह-प्राध्यापक ओटो-राइनो-लैरिंगोलाजी डा.मो. अशरफ पर अपमान जनक बाते करने, मर्यादाओ की सीमा लांघने सहित मानसिक रूप से परेशान किये जाने जैसे कई गंभीर आरोप लगाए गये थे.

# विशेष अभियान में 89 वारंटी गिरफ्तार

## सीधी पुलिस ने रात में की अपराधियों की धरपकड़

**सीधी, 14 जुलाई . जिले में 12-13 एवं 13-14 जुलाई की दरम्यानी रात को समूचे जिले में फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया.**

अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव द्वारा किया गया तथा समस्त एसडीओपी और थाना/चौकी प्रभारियों के समन्वित प्रयासों से यह कार्रवाई संपन्न हुई. अभियान के दौरान पुलिस ने जिले में सघन कॉम्बिंग गश्त कर हत्या, लूट, डकैती, मारपीट, आबकारी जैसे गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों की तलाश की. इस दौरान कुल 89 न्यायालयीन वारंटों (जिसमें 21 स्थायी व 68 गिरफ्तारी वारंट) की प्रभावी तामील करते हुए संबंधित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. थानावार तामील वारंट में कोतवाली 5 स्थायी, 7 गिरफ्तारी वारंट, जमोड़ी 1 स्थायी, 7 गिरफ्तारी वारंट, बहरी 1 स्थायी, 4 गिरफ्तारी वारंट, चुरहट 1 स्थायी, 4 गिरफ्तारी वारंट, रामपुर नैकिन 1 स्थायी, 7 गिरफ्तारी वारंट, कमर्जी 6 गिरफ्तारी वारंट, मझौली 4 स्थायी, 11 गिरफ्तारी वारंट, मड़वास 1 स्थायी, 6 गिरफ्तारी वारंट, अमिलिया 6 स्थायी, 7 गिरफ्तारी वारंट, कुसमी 1 स्थायी, 3 गिरफ्तारी वारंट, गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं.

### निगरानी बदमाशों पर भी रखी कड़ी नजर

गश्ती दल द्वारा अभियान के दौरान 65 गुंडा बदमाश एवं 52 निगरानी बदमाशों को चिन्हित कर उनकी गतिविधियों की समीक्षा की गई एवं उन्हें भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई है. यह विशेष अभियान जिले में कानून एवं व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने की दिशा में एक प्रभावशाली और ठोस पहल है. फरार आरोपियों की गिरफ्तारी से आमजन में सुरक्षा का भाव मजबूत हुआ है और बदमाशों में कानून का भय स्थापित हुआ है.

# ट्रेन में अनअप्रूव्ड पानी की बोतलें जब्त

**भोपाल, 14 जुलाई. रेल यात्रियों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए सोमवार को निरीक्षण अभियान के तहत कार्यवाही की गई.**

वाणिज्य विभाग को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुशीनगर एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22538) में अनअप्रूव्ड ब्रांड की पानी की बोतलें बड़ी मात्रा में लाकर यात्रियों को बेची जा रही हैं. सूचना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एक विशेष संयुक्त टीम का गठन किया गया, जिसमें स्टेशन मास्टर कॉमर्शियल एक के खरे,मंडल मुख्य टिकट निरीक्षक सुनील वर्गीस, मंडल वाणिज्य निरीक्षक विनोद वर्मा तथा कैटरिंग इंस्पेक्टर/भोपाल मेघा नागदेव को शामिल किया गया. निर्धारित योजना के अनुसार जब कुशीनगर



एक्सप्रेस भोपाल स्टेशन पर पहुँची, तो टीम ने अचानक ट्रेन में चढ़कर छापामार कार्रवाई की.

जांच के दौरान पैंट्री क्षेत्र के समीप एवं वेंडिंग पॉइंट्स के आसपास तलाशी ली गई, जिसमें कुल 18 क्रेट अनअप्रूव्ड ब्रांड की पानी की बोतलें बरामद की गईं. यह पानी रेलवे द्वारा स्वीकृत सूची में शामिल नहीं था और न ही विक्रेताओं के पास कोई वैध अनुमति अथवा बिल उपलब्ध था.

# सचदेवा बने एमपी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस

**जबलपुर. जस्टिस संजीव सचदेवा मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस बनाए गए हैं. सोमवार को केंद्र सरकार ने नियुक्ति को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है.**

चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत के रिटायर होने के बाद अब तक जस्टिस संजीव सचदेवा एक्टिंग चीफ जस्टिस थे. 30 मई 2024 को इनका दिल्ली हाईकोर्ट से मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में ट्रांसफर हुआ था. इसके साथ ही केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश हाइकोर्ट को एक और जज दिया है. जस्टिस विवेक कुमार सिंह की मध्यप्रदेश में नियुक्ति की गई है. वे अभी मद्रास हाईकोर्ट में हैं, जिनका ट्रांसफर जबलपुर किया गया है. अब मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जजों



की संख्या बढ़कर 34 हो गई हैं.

संजीव सचदेवा का जन्म 26 दिसंबर 1964 को दिल्ली में हुआ था. दिल्ली से ही उन्होंने कॉमर्स में ग्रेजुएट किया.1988 में वे दिल्ली बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में नामांकित हुए.1995 में सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड के रूप में योग्यता प्राप्त की. उन्होंने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट से



लेकर दिल्ली, रांची समेत दूसरे शहरों में वकीलों को प्रशिक्षण भी दिया. 20 सालों तक सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया के स्थायी वकील रहे. 2013 में दिल्ली हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया. 18 मार्च 2015 को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त हुए.

# पेड़ से स्कूटी टकराई, 14 वर्षीय के छात्र की मौत, साथी घायल

**अनूपपुर, 14 जुलाई. जिले में रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 14 वर्षीय छात्र की मौत हो गई. अनियंत्रित स्कूटी पेड़ से टकरा गई, जिससे किशन कोल नामक छात्र की मौके पर ही मृत्यु हो गई.**

हादसे में उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद मृतक के परिजन बिना पोस्टमार्टम शव ले जाने की जिद पर अड़ गए, जिस पर पुलिस और परिजनों के बीच धक्का-मुक्की की नौबत आ गई. बाद में समझाइश के बाद सोमवार को पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों को सौंपा गया. मिली जानकारी के अनुसार, मानपुर निवासी किशन कोल (14) कक्षा 9वीं का छात्र था. रविवार रात वह अपने 18 वर्षीय मित्र कपिल कोल के साथ स्कूटी से अनूपपुर आया हुआ था. लौटते समय स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई. हादसे में किशन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कपिल गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे तत्काल शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है.हादसे के बाद जब पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने की तैयारी की, तो परिजन इसका विरोध करने लगे. उन्होंने बिना पोस्टमार्टम के ही शव अपने साथ ले जाने की जिद की.

# महिलाओं ने सावन में पौधे रोपने लिया संकल्प

**मंदसौर. सावन मास के पावन अवसर पर प्रकृति के प्रति समर्पण और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से मातृशक्ति विश्वकर्मा काष्ठ एवं लोक कला कल्याण संगठन के तत्वावधान में, जांगिड़ ब्राह्मण सुथार पंचायत चंद्रपुरा एवं नयापुरा महिला मंडल के संयुक्त सहयोग से तेलिया तालाब परिसर में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर हरियाली उत्सव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया. महिलाओं ने सामूहिक रूप से पौधे लगाते हुए यह संकल्प लिया कि वे न केवल वृक्षारोपण करेंगी, बल्कि लगाए गए वृक्षों की



नियमित देखरेख भी करेंगी.

संगठन की अध्यक्ष कृष्णा भावरेल और महिला मंडल चंद्रपुरा की अध्यक्ष राजकुमारी तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, यदि महिलाएं वृक्षारोपण में आगे आएं तो हरियाली पल्लवित हो सकती है और समाज में पर्यावरण के प्रति चेतना स्वत: विकसित होगी.

कार्यक्रम में संगठन की उपाध्यक्ष सुधा भावरेल, कोषाध्यक्ष आशा शर्मा, मंत्री रेशमा शर्मा, तथा महिला मंडल की सदस्य मंजू झलोया, पवित्रा शर्मा, ज्योति तिवारी, आशा तिवारी, कांता शर्मा, शर्मिष्ठा शर्मा, अक्षिता भावरेल सहित अनेक महिलाओं ने भाग लिया और विविध प्रकार के पौधे रोपे. संचालन मंजू झलोया ने प्रभावी रूप से किया तथा अंत में आशा शर्मा (कोषाध्यक्ष, विश्वकर्मा काष्ठ एवं लोक कला कल्याण संगठन) ने आभार माना.

# कुत्तों ने झुंड बनाकर बच्चों पर किया हमला, 3 मासूम जखमी

**मनासा. शहर और ग्रामीण इलाकों से लगातार आवारा कुत्तों के हमले की वारदातें सामने आ रही हैं. इसके बावजूद प्रशासन स्तर से कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं. इसके चलते अक्सर ग्रामीण व शहरीजन जंगली जानवरों और आवारा कुत्तों के हमले का शिकार बनते हैं.**

घटना रविवार की है, जहां मनासा नगर के अनुपपुरा गली में घर के बाहर खेल रहे 3 मासूम बच्चों पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया और काट खाया. बताया जा रहा कि मनासा नगर के अनुपपुरा गली में एक दिन में तीन अलग अलग घटनाओं में घर के



बाहर खेल रहे बच्चों पर कुत्तों ने हमला कर दिया. लोगों ने किसी तरह बच्चों को कुत्तों से बचाया, लेकिन इस दौरान कुत्तों ने बच्चों को बुरी तरह से काट खाया. परिजन आनन-फानन में बच्चों को स्थानीय शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरो द्वारा उनका उपचार किया गया.

**स्पोर्ट्स** | जीआरपी इंदौर के सुरेन्द्र राठौर और अनोखी लाल वर्मा की धमाकेदार परफॉर्मेंस

# एमपी पुलिस के दो एथलीटों ने जीते छह स्वर्ण पदक

**इंदौर. मध्यप्रदेश पुलिस ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह सिर्फ कानून-व्यवस्था में ही नहीं, खेल के मैदान पर भी देश का नाम रोशन करने में पीछे नहीं है.**

रेल पुलिस इकाई इंदौर के दो एथलीटों सुरेन्द्र सिंह राठौर और अनोखी लाल वर्मा ने श्रीलंका में आयोजित 38 वीं वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए तीन-तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए. श्रीलंका के डियोगामा स्थित महिन्दा राजपक्षे स्टेडियम में 5 और 6 जुलाई को हुए अंतरराष्ट्रीय आयोजन में दोनों



खिलाड़ियों ने अपने आयु वर्ग की प्रतिस्पर्धाओं में न सिर्फ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि भारतीय पुलिस बल की साख को भी वैश्विक मंच पर मजबूत किया. 60 प्लस आयु वर्ग में भाग ले रहे हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह राठौर ने गोलाफेंक में 11.97 मीटर, चक्काफेंक में 36.99 मीटर और तारगोला फेंक में 27.65 मीटर की दूरी तय कर तीनों थ्रो इवेंट्स में स्वर्ण पदक अपने नाम किए. पूर्व में भी वे कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पदक जीत चुके हैं और अपनी तकनीकी दक्षता तथा फिटनेस के लिए पुलिस बल में विशिष्ट पहचान रखते हैं. वहीं 55 प्लस वर्ग में दौड़ रही सब इंस्पेक्टर अनोखी लाल वर्मा ने 800 मीटर की रेस को 2 मिनट 20 सेकंड, 1500 मीटर को 5 मिनट 03 सेकंड, और 3000 मीटर स्टेपलचेज़ को 12 मिनट 57 सेकंड में पूरा कर तीनों ट्रैक स्पर्धाओं में स्वर्ण पर कब्जा जमाया.

> वर्मा की खेल यात्रा छात्र जीवन से ही प्रारंभ हुई. धार के शासकीय महाविद्यालय से लेकर अंतर-विश्वविद्यालय स्तर तक वे हमेशा अव्वल रही हैं. इस शानदार सफलता पर रेल पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी और डीएसपी ज्योति शर्मा ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है.

# सड़क हादसे में भाई-बहन की मौत, 9 घायल

## नैनावद से लौट रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्रॉली को कंटेनर ने मारी टक्कर

**शाजापुर, 14 जुलाई. श्रावण माह के पहले सोमवार को बंजारी से नैनावद स्थित महाकाल मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं की ट्रेक्टर ट्रॉली को लखुंदर पुलिया के पास एक कंटेनर ने पीछे से टक्कर मार दी.**

टक्कर इतनी जोरदार थी कि हादसे में सगे भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 9 श्रद्धालु गंभीर घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है. घटना सोमवार दोपहर करीब 3.30 बजे की बताई जा रही है. पुलिस के मुताबिक सभी श्रद्धालु नैनावद के महाकाल मंदिर से दर्शन कर बंजारी लौट रहे



थे. तभी लखुंदर पुलिया के पास कंटेनर ने ट्रेक्टर-ट्रॉली को जोरदार टक्कर मारी, जिससे ट्रॉली पलट गई और उसमें सवार श्रद्धालु ट्रॉली के नीचे दब गए. इस हादसे में भविष्य पिता सकाराम 10 वर्ष और उसकी बहन अकीला पिता सकाराम 8 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई. मृत बच्चों के दादा शंकरलाल ने बताया कि सावन का पहला सोमवार होने के कारण वे सभी दर्शन करने गए थे.